Virtual Schools

मार्च 2021

Toronto District School Board

TDSB एलिमेंटरी वर्चुअल स्कूल फैमली न्यूज़लेटर

वर्चुअल स्कूल न्यूज़लेटर के मार्च 2021 के अंक में आपका स्वागत है। हम आशा करते हैं कि आप इस मासिक प्रकाशन को सूचनाओं और अपडेटों का एक अच्छा स्रोत मान रहे हैं, जो केवल वर्चुअल स्कूल ही नहीं बल्कि पूरे टीडीएसबी में क्या हो रहा है के बारे में सूचित रहने में मदद करता है।

जैसा कि आप जानते हैं, शिक्षा मंत्रालय ने मार्च ब्रेक में देरी की, इसलिए अब हम 12 से 16 अप्रैल की आगामी ब्रेक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हम आशा करते हैं कि सभी छात्र और परिवार कुछ डाउनटाइम का आनंद लें, क्योंकि यह सभी के लिए एक व्यस्त और चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है।

अधिक जानकारी और अपडेटों के लिए, कृपया देखें www.tdsb.on.ca/virtualschool और ट्विटर पर @tdsbvs पर फॉलो करें।

कोविड वर्षगांठ के दौरान मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन करना

11 मार्च के सप्ताह ने कोविड-19 की एक साल की सालगिरह को चिह्नित किया, एक वैश्विक महामारी जिसने हमारे जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया है। यह एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है और हमने बहुत अनिश्चितता और ज़बरदस्त बदलावों का सामना किया है। महामारी ने सामाजिक असमानताओं को उजागर करते हुए उत्पीड़न-विरोधी बातों के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत को उत्पन्न किया। यद्यपि हम महामारी के तनाव और वजन को पहचानते हैं, हम ताकतों, समुदाय के निर्माण और हमारी दृढ़ता को भी पहचानते हैं।

हमारे बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा में आए बदलाव और चुनौतियाँ हमें इस बात पर चिंतन करने की अनुमति देती हैं कि हमने ऐसे समयों को किस तरह से लचीलेपन, करुणा और एक-दूसरे की देखभाल के साथ सहन किया है।

डायरैक्टर अव एजुकेशन और एसोसिएट डायरैक्टरों का पूरा संदेश पढ़ें।

रिमाइंडर: मार्च ब्रेक की तारीखों में बदलाव

शिक्षा मंत्रालय ने मार्च ब्रेक में देरी (delayed) की है। ब्रेक अब **12 से 16 अप्रैल, 2021** तक है।

डायरैक्टर की वार्षिक रिपोर्ट

डायरैक्टर की 2020 की वार्षिक रिपोर्ट पिछले साल टीडीएसबी में हुए महत्वपूर्ण कार्यों और बहु-वर्षीय रणनीतिक योजना पर हुई प्रगति पर प्रकाश डालती है। रिपोर्ट ऑनलाइन पढ़ें।

नई आउटडोर लर्निंग वेबसाइट

सुरक्षित रूप से बाहर निकलना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। छात्रों, परिवारों और कर्मचारियों को एक सुरक्षित और शैक्षिक तरीके से आउटडोर का अधिक फायदा उठाने में मदद करने के लिए, टीडीएसबी ने एक नई आउटडोर लर्निंग वेबसाइट शुरू की है। आज ही नई साइट का अन्वेषण करें!

TDSB वार्तालाप श्रृंखला

परिवारों को हमारे द्वारा उन विषयों पर आकर्षक और ज्ञानवर्धक वार्तालाप की एक श्रृंखला के लिए हमारे साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है जिनके बारे में हमने सुना है कि आप अधिक जानना चाहते हैं। प्रमुख विशेषज्ञों से सुनें और ऑनलाइन प्रश्न और उत्तर सत्र में भाग लें।

आगामी सत्रों की तारीखें और विवरण।

टोरौंटो पब्लिक हैल्थ (TPH) वैक्सीन अपडेट

जैसे पूरे टोरौंटो शहर में वैक्सीन रोलआउट होता है, अधिक जानने के लिए कृपया TPH की वेबसाइट देखें।

मानवाधिकार वार्षिक रिपोर्ट

TDSB ने हाल ही में अपनी पहली मानवाधिकार वार्षिक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट पढ़ने के लिए, एक घटना की रिपोर्ट करने के लिए, नीतियों और प्रक्रियाओं तक पहुंचने के लिए और प्रश्नोत्तर पढ़ने के लिए, मानवाधिकारों की वेबसाइट पर जाएं।

TDSB ग्रीक विरासत महीना मनाता है

मार्च, टोरौंटो डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड में ग्रीक विरासत महीना है। यह कैनेडा में ग्रीक कनेडियन लोगों की कई उपलब्धियों और योगदानों को पहचानने और उनका जश्न मनाने का अवसर है, और ग्रीक संस्कृति के इतिहास को चिहि्नत करने और उसका आनंद लेने का अवसर है। अधिक जानें।

इस वर्ष के लिए विषय है:
1821-2021
स्वतंत्रता और एकता – Ελευθερία και Ενότητα
अपनी जड़ों से सीखना...हमारे भविष्य को आकार देना

ग्रेड 8 का कोर्स चयन

जनवरी और फरवरी के दौरान, छात्रों ने 2021/2022 स्कूल वर्ष के लिए अपना कोर्स चयन पूरा किया। हम इस प्रक्रिया के दौरान आपके समर्थन के लिए परिवारों को धन्यवाद देते हैं। प्रश्नों के लिए अपने वर्चुअल स्कूल लर्निंग सेंटर में ग्रेड 8 कक्षाओं के लिए जिम्मेदार वाइस प्रिंसिपल से संपर्क करें।

वर्चुअल स्कूल के छात्रों के लिए ग्रॉसरी के कार्ड

खाद्य असुरक्षा कई TDSB परिवारों के लिए एक वास्तविकता बनी हुई है, विशेष रूप से कोविड-19 के दौरान और टोरौंटो फाउंडेशन फॉर स्टूडेंट सक्सेस (TFSS) जरूरतमंद छात्रों का समर्थन करना जारी रखता है और वर्चुअल ढंग से पढ़ रहे छात्रों को लगभग 17,000, $50 के गिफ्ट कार्ड फंड किए हैं और उन्हें मेल किए हैं। फूड फॉर किड्स (FFK) पहल के माध्यम से पहचाने गए छात्रों और स्वयं-पहचान की जरूरतों के माध्यम से निर्धारित किए गए समुदायों को प्राथमिकता दी गई थी। TFSS मई (जैसे फंड अनुमति देंगे) के अंत तक समर्थन जारी रखने के लिए और प्राथमिकता वाले समुदायों में समर स्कूल सैकंडरी छात्रों के लिए समर्थन निश्चित करने के लिए वर्चुअल स्कूलों के साथ काम कर रहा है। जबकि TDSB स्कूल खुले हैं, TFSS इन-स्कूल स्टूडेंट न्यूट्रिशन प्रोग्रामों का समर्थन करना जारी रखता है।

माता-पिता/देखभालकर्ता और समुदाय वालंटियर प्रक्रिया

हमारे पास परिवार समुदाय के बीच विशेषज्ञता और संसाधनों का भंडार है। कई माता-पिता/अभिभावकों ने वर्चुअल स्कूल कक्षाओं के समर्थन में रुचि दिखाई है। एक इन-पर्सन स्कूल में वालंटियर करने के साथ, छात्रों के साथ काम करने से पहले वालंटियरों द्वारा "क्लीयरड" (cleared) पुलिस चैक प्रदान किया जाना अनिवार्य है। यदि आप वालंटियर करने में रुचि रखते हैं, तो कृपया इस फॉर्म को पूरा करें:

माता-पिता/देखभालकर्ता और कम्युनिटी वालंटियर

यह फ़ॉर्म आपको अपने बच्चे के लिए लर्निंग सेंटर, क्लास कोड और टीचर का नाम प्रदान करने के लिए कहता है। यदि आपके पास यह जानकारी नहीं है, तो कृपया अपने बच्चे के टीचर से पूछें।

इस फॉर्म में पुष्टिकरण पूछने वाला और एक वैध पुलिस रैफ्रैंस चैक के संबंध में जानकारी प्रदान करने वाला एक प्रश्न शामिल होगा जो । यदि आपके पास आवेदन के बारे में कोई प्रश्न है, तो आपको पुलिस रैफ्रैंस चैक (PRC) कार्यालय से 416-393-0759 पर संपर्क करना होगा या PoliceReferenceCheckOffice@tdsb.on.ca पर ईमेल करना होगा।

यदि आपको PRC ($ 20) की लागत की भरपाई करने के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया अपने इन-पर्सन स्कूल प्रिंसिपल से इस लागत के लिए सहायता करने के लिए बात करें। वैकल्पिक रूप से, आप 416-397-3529 पर पेरैंट एंड कम्युनिटी एंगेजमेंट (Parent and Community Engagement) कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने लर्निंग सेंटर के प्रिंसिपल से संपर्क करें।

मार्च 2021

कम्युनिटी एंगेजमेंट: इंटरएक्टिव वेबिनार

मार्च के दौरान, एलिमेंटरी वर्चुअल स्कूल ने परिवारों और समुदाय के सदस्यों के लिए वेबिनार आयोजित किए, जिसमें निम्नलिखित विषय शामिल थे:

- वर्चुअल दुनिया में पालन-पोषण: मनोवैज्ञानिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्कूल प्रशासकों द्वारा समर्थित एक इंटरैक्टिव सत्र
- इंटरनेट सुरक्षा: अपने बच्चे को ऑनलाइन कैसे सुरक्षित रखें
- किशोर मानसिक स्वास्थ्य

बुधवार, 7 अप्रैल को शाम 7 बजे अगले इंटरैक्टिव वेबिनार के लिए हमारे साथ जुड़ें, इसमें स्क्रीन टाइम मैनेज करना, उत्पादक ऑनलाइन टूल की पहचान करना और बच्चों को अपने ऑनलाइन समय का सर्वोत्तम उपयोग करने में मदद करने जैसे विषय शामिल होंगे।

आदी या सशक्त? अपने बच्चे की ऑनलाइन शिक्षा का समर्थन कैसे करें।

TDSB पैरेंट अकादमी - अप्रैल शिड्यूल

मंगलवार, 30 मार्च 2021 शाम 6:30 बजे

जातिवाद-विरोधी श्रृंखला: हमारे स्कूल में समानता कैसी दिखती है

अन्वेषण करें कि हमारे स्कूलों में इक्विटी कैसी लगती है; इक्विटी लक्ष्यों और स्कूल सुधार योजना पर चर्चा करें।

मंगलवार, 2 अप्रैल 2021 शाम 6:30 बजे

माइक्रोअग्रेशन और मानवाधिकार उल्लंघनों से कैसे निपटें

उत्पीड़न से निपटने के लिए रणनीतियाँ, हम चर्चा करते हैं कि माइक्रोअग्रेशनों और मानवाधिकारों के उल्लंघन से कैसे निपटें।

पेरेंट अकादमी के अंतर्गत tdsbHUB.ca पर अधिक जानें।

जारी प्रोफेशनल लर्निंग

टीचर छात्रों को संलग्न करने और गहरी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों और उपकरणों का उपयोग करने का अभ्यास करने में अपने ज्ञान को गहरा करने के लिए पेशेवर लर्निंग में संलग्न रहना जारी रहते हैं।

मार्च में पेशेवर लर्निंग के विषयों और सत्रों के कुछ उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- दैनिक अभ्यास में निर्देशित पठन रणनीतियों को एकीकृत करने की क्षमता का विकास करना
- गूगल एजुकेशन सर्टिफिकेशन में भाग लेना
- वर्चुअल मेलों में भाग लेना: समर्थन कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन उपकरणों की खोज करना और छात्र आवाज को निकालना और डिजिटल प्रवाह को बढ़ावा देना
- गणित नेतृत्व टीम: विकासात्मक कोंटिनुआ (developmental continua) का उपयोग करना और अगले सर्वोत्तम निर्देशात्मक समर्थन प्रदान करने के लिए गणितीय सोच को पहचानना और नामकरण करना

वर्चुअल स्कूल स्टाफ डायरैक्टरियाँ

नीचे आसान संदर्भ के लिए वर्चुअल स्कूल प्रशासनिक टीम निर्देशिकाएं डायरैक्टरियाँ हैं। प्रत्येक लर्निंग सेंटर में प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल ग्रेड द्वारा नामित किए गए हैं।

- लर्निंग सेंटर 1 वर्चुअल एलिमेंटरी स्कूल
- लर्निंग सेंटर 2 वर्चुअल एलिमेंटरी स्कूल
- लर्निंग सेंटर 3 वर्चुअल एलिमेंटरी स्कूल
- लर्निंग सेंटर 4 वर्चुअल एलिमेंटरी स्कूल